गंगा एक्सप्रेस-वे: 18 फीसदी जमीन मिली

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

07 जिलों के डीएम को दिया जमीन संबंधी समस्या दूर करने के निर्देश

यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को बैठक कर गंगा एक्सप्रसवे के लिए जमीनों के प्रबंधन की जानकारी ली।

बैठक में उन्हें बताया गया कि 1248 हेक्टेयर यानी 18 प्रतिशत भूमि का क्रय या अधिग्रहण किया जा चुका है। इसमें अब तक लगभग धनराशि 1300 करोड़ रुपये खर्च किया गया है।

उन्होंने हापुड़, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव व रायबरेली के डीएम से फोन पर की बात कर जमीन संबंधी समस्या का समाधान जल्द करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने उन्हें बताया कि मेरठ से प्रयागराज तक 594 किमी लंबी प्रस्तावित एक्सेस कन्ट्रोल्ड ग्रीन फील्ड गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना पर तेजी से काम हो रहा है। भूमि क्रय के लिए यूपीडा द्वारा संबंधित जिलों को अब तक धनराशि 2138 करोड़ रुपये भेजी जा चुकी है। यह ग्रीन फील्ड परियोजना उत्तर प्रदेश के 12 जिलों की 30 तहसीलों से होकर निकलेगी।